भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 192

29 जनवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए मेट्रो रेल कॉरिडोर

†192. श्रीमती भारती पारधीः

श्री नरेश गणपत म्हस्केः

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जनवरी, 2026 की स्थिति के अनुसार मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में चल रहे मेट्रो रेल गलियारों, विशेषरूप से पूर्णतः भूमिगत मेट्रो लाइन-3 (एक्वा लाइन) और एलिवेटेड लाइन-4 (वडाला-कासरवडवली) की वास्तविक और वित्तीय प्रगति क्या है;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त परियोजनाओं के लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को जारी की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) यात्रियों के लिए निर्बाध मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रचालित मेट्रो लाइनों और बेस्ट (बीईएसटी) बस नेटवर्क में नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(घ) स्टेशन क्षेत्र विकास योजनाओं के अंतर्गत ई-फीडरों और गैर-मोटरीकृत परिवहन अवसंरचना के माध्यम से मेट्रो स्टेशनों से अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ङ) उपनगरीय रेल प्रणाली में भीड़-भाड़ कम करने के लिए मेट्रो नेटवर्क के शेष चरणों को चालू करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क): महाराष्ट्र सरकार (जीओएम)/मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दिसंबर, 2025 तक मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में मेट्रो रेल परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति इस प्रकार है:

क्र. सं.	मेट्रो परियोजना का नाम	लंबाई किमी में	कुल लागत (करोड़ रु. में)	सिविल कार्य की भौतिक प्रगति (दिसंबर, 2025 तक)	सिविल कार्य की वित्तीय प्रगति (दिसंबर, 2025 तक)
1	मुंबई मेट्रो लाइन 1: वर्सोवा-अंधेरी-घाटकोपर) - पीपीपी परियोजना।	11.40	2,356	जून, 2014 से पूरी तरह से चालू	
2	मुंबई मेट्रो लाइन 2ए: दहिसर (ई) - डीएन नगर।	18.6	6,410	जनवरी, 2023 से पूरी तरह से चालू	
3	मुंबई मेट्रो लाइन-3 (एक्वा लाइन) आरे कॉलोनी - कफ परेड	33.5	37,276 (संशोधित)	अक्टूबर, 2025 से पूरी तरह से चालू	
4	मुंबई मेट्रो लाइन 7: अंधेरी (**ई**) - दहिसर (**ई**)	16.5	6,208	जनवरी, 2023 से पूरी तरह से चालू	
5	मुंबई मोनो रेल (चेंबूर -	19.54	2,460	मार्च, 2019 से पूरी तरह से चालू	

	वडाला - संत गाडगे महाराज चौक)				
6	नवी मुंबई मेट्रो लाइन-1 (बेलापुर-पेंढर)	11.10	₹3,064	नवंबर, 2023 से पूरी तरह से चालू	
7	मुंबई मेट्रो लाइन 2बी: डी.एन. नगर - मांडले	23.6	10,986	91.90 %	82.3%
8	मुंबई मेट्रो लाइन 4: वडाला - कासरवडवली	32.3	14,549	89.02%	79.9%
9	मुंबई मेट्रो लाइन 4ए: कासरवडवली - गयमुख	2.7	949	96.36%	98.1%
10	मुंबई मेट्रो लाइन 5: ठाणे-भिवंडी - कल्याण	24.9	8,417	97.25% (चरण- I के लिए, ठाणे-भिवंडी)	94.8% (चरण - I के लिए, ठाणे-भिवंडी)
11	मुंबई मेट्रो लाइन 6: स्वामी समर्थनगर - विक्रोली	14.5	6,716	84.58%	81.25%
12	मुंबई मेट्रो लाइन 9 और 7ए: दहिसर (**ई**) - मीरा भायंदर और अंधेरी (ई) - सीएसएमआईए	13.5	6,607	लाइन 9: 98.96% लाइन 7 ए:67.13%	लाइन 9: 96.4% लाइन 7ए: 58.55%
13	मुंबई मेट्रो लाइन 10: गयमुख - शिवाजी चौक (मीरा रोड)	9.2	8,536.25	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।	

14	मुंबई मेट्रो लाइन 12: कल्याण - तलोजा	20.7	5,865	17.5%	15.87%
15	ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो परियोजना	29.00	₹12,200.10	5.05%	0.074%

(ख): चालू वित्त वर्ष अर्थात् 2025-26 के दौरान मुंबई मेट्रो लाइन-3 के कार्यान्वयन के लिए अधीनस्थ ऋण के रूप में मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) को जारी की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता 207.15 करोड़ रुपये और पास थ्रू असिस्टेंस (पीटीए) 1,169.19 करोड़ रुपये है।

चालू वित्त वर्ष के दौरान इन मेट्रो परियोजनाओं के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) को कोई केन्द्रीय वित्तीय सहायता जारी नहीं की गई है क्योंकि एमएमआरडीए द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली परियोजनाएं राज्य क्षेत्र की परियोजनाएं हैं।

(ग): नैशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) को एमएमआर में सभी प्रचालित मेट्रो लाइनों अर्थात् मुंबई मेट्रो लाइन-1, लाइन-2ए, लाइन-3, लाइन-7 और बेस्ट बस नेटवर्क में कार्यान्वित किया गया है।

(घ): एमएमआरडीए ने सूचित किया है कि उसने सभी मेट्रो लाइनों के लिए मल्टीमॉडल एकीकरण कार्यों का कार्यान्वयन शुरू किया है जिसमें चौड़े और बेहतर फुटपाथ, यात्रियों और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए सुगम प्रवेश/निकास, बस, ऑटो, टैक्सी और एम्बुलेंस आदि के विशिष्ट उपयोग के लिए निर्धारित स्थान का प्रावधान**,** मेट्रो स्टेशन क्षेत्र के नीचे रेलिंग लगाना, सड़क चिह्न/पेंटिंग, उन्नत बस स्टॉप आदि स्थापित करना शामिल है। मेट्रो स्टेशनों के पास साइकिल स्टैंड की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा, एमएमआरसीएल ने

संबंधित एजेंसियों और निजी भागीदारों के साथ समन्वय में, ई-वाहन फीडर सेवाओं के निर्बाध संचालन के लिए स्टेशन प्रभाव क्षेत्रों में ईवी चार्जिंग सुविधाएं प्रदान की हैं।

(ङ): एमएमआरसी में मेट्रो परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर में दी गई है। परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जैसे भूमि अधिग्रहण, वैधानिक मंजूरी, पुनर्वास और पुनर्स्थापन आदि।

******